किरायेदार *(नाम)*: ____

किरायेदार का पता: ____

किराया चुकाने या परिसर खाली करने के लिए चौदह दिन का नोटिस

आपको यह नोटिस इसलिए भेजा गया है क्योंकि आपके मकान मालिक ने आरोप लगाया है कि आप निम्नलिखित किराए, उपयोगिताओं और/या नियमित या आवधिक शुल्कों का भुगतान करने में विफल रहने के कारण अपने किरायानामा की शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं।

क्या बकाया है? किन महीनों के लिए? (लागू होने वाले सभी विकल्पों को चुनें)	**डॉलर राशि**
☐ (माह/महीनों) के लिए मासिक किराया:	$
☐ (माह/महीनों) के लिए उपयोगिता शुल्क:	$
☐ लीज़ में बताए गए अन्य नियमित या आवधिक शुल्क ____________ (माह/महीनों) के लिए:	$
कुल बकाया राशि	**$**
आपको कुल बकाया राशि का भुगतान करना होगा या (यह नोटिस मिलने के 14 दिनों के भीतर) परिसर खाली करना होगा: _____	

अंतिम तारीख!

आपको यह नोटिस मिलने के बाद, **चौदह (14) दिनों** के भीतर अपने मकान-मालिक को पूरी बकाया राशि का भुगतान करना होगा या फिर आपको परिसर खाली करना होगा।

आपके द्वारा मकान-मालिक को किया गया कोई भी भुगतान सबसे पहले इस नोटिस में दर्शाई गई कुल बकाया राशि में समायोजित किया जाएगा।

यह नोटिस मिलने के बाद, चौदह (14) दिनों के भीतर इस नोटिस का पालन करने में किसी भी तरह की विफलता के परिणामस्वरूप न्यायिक कार्यवाही हो सकती है जिसके चलते आपको परिसर से बेदखल किया जा सकता है।

भुगतान कैसे करे

आप अपने किरायानामा में अनुमत किसी भी भुगतान विधि का उपयोग कर सकते हैं। या आप नकद, कैशियर चेक, मनी ऑर्डर या अन्य प्रमाणित माध्यमों से भुगतान कर सकते हैं।

किराया सहायता और अनुवाद

Washington राज्य का Office of the Attorney General (अटॉर्नी जनरल का ऑफ़िस) अपनी वेबसाइट atg.wa.gov/landlord-tenant पर इस नोटिस को कई भाषाओं में उपलब्ध कराता है, साथ ही आपके किराए के भुगतान में सहायता के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी भी देता है, जिसमें राज्य और स्थानीय किराया सहायता कार्यक्रम शामिल हैं।

राज्य का कानून आपको न्यायालय में दुभाषिया सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार भी प्रदान करता है।

कानूनी मदद

राज्य का कानून आपको कानूनी प्रतिनिधित्व का अधिकार प्रदान करता है और यदि आप कम आय वाले पात्र किराएदार हैं तो अदालत आपके लिए बिना किसी लागत के आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील नियुक्त कर सकती है।

अगर आपको लगता है कि आप एक कम-आय वाले पात्र किराएदार हैं और चाहते हैं कि आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील नियुक्त किया जाए, तो कृपया संपर्क करें:

- **Eviction Defense Screening Line (बेदखली से बचाव के लिए जाँच हेल्पलाइन)** 855-657-8387
- ऑनलाइन आवेदन करें: nwjustice.org/apply-online

अन्य संसाधन

- 2-1-1 पर कॉल करें
- King County के बाहर Northwest Justice Project CLEAR हॉटलाइन: 888-201-1014, कामकाजी दिन पर सुबह 9:15 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक, या 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए: 888-387-7111
- आपको अपनी सहायता के लिए अतिरिक्त जानकारी washingtonlawhelp.org पर मिल सकती है।

विवाद का समाधान

न्यायिक कार्यवाही शुरू होने से पहले किराया न चुकाने से जुड़े विवादों में सहायता के लिए राज्य भर के विवाद समाधान केंद्रों पर निःशुल्क या कम-लागत वाली मध्यस्थता सेवाएँ भी उपलब्ध हैं।

आप अपना निकटतम विवाद समाधान केंद्र resolutionwa.org पर देख सकते हैं।

मालिक/मकान मालिक के हस्ताक्षर ▶ ______________________________ तारीख: ____________________

जहाँ कुल बकाया राशि का भुगतान किया जाना है: मालिक/मकान मालिक का नाम: ____________________

____

पता: ____